तापमान
अधिकतम 25.4 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 17 दिसंबर 2025

10 वकील के साथ थाने में पुलिस ने की थी बर्बरता



10 बाला क्लब की पूरी कार्यकारिणी को भंग ...



## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में काम करते समय महिला घायल

**यमुनानगर।** गांव कुंजल स्थित कृष्णा प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करते समय कोर का चट्टा गिरने से महिला नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। धौडंग निवासी पुष्पा देवी ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव कुंजल स्थित कृष्णा प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करती है। 29 नवंबर को वह फैक्ट्री में काम कर रही थी। इस दौरान फैक्ट्री में रखा कोर का चट्टा उसके ऊपर गिर गया। जिसके नीचे दबने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

### हरियाणा सरकार की सुप्रीम कोर्ट में अपील रद्द

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के चार विश्वविद्यालय में सहायकों का 3600 रुपये ग्रेड पे बहाल रहेगा। इसको लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की ओर से दिए गए फैसले पर रोक लगाने के लिए सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई अपील सोमवार को याचिका खारिज कर दी। कुवि के सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविंद्र सचदेवा ने कहा कि उनकी ओर से प्रतिवादियों के वकील कुमार परीमल और वरिष्ठ अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा सुनवाई में पेश हुए। इस सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार की याचिका रदद कर दी है। सहायक 2015 से ही अलग-अलग अदालतों में कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं।

### कुवि शिक्षा विभाग उत्कृष्टता केंद्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने पुनर्वास एवं विशेष शिक्षा के क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के नेतृत्व एवं मूल्यवान मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कुवि के शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विशेष शिक्षा (स्पेशल एजुकेशन) कार्यक्रमों को भारत सरकार की भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) द्वारा ह्उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सिलेंस) घोषित किया गया है। कुलपति प्रो. ने इस उपलब्धि के लिए संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों तथा शिक्षा विभाग से जुड़े सभी हितधारकों को बधाई दी।

### कैंटर चालक से लूट करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** थाना समालखा पुलिस ने नारायणा गांव के नजदीक 13 दिसंबर की रात कैंटर चालक गवालड़ा गांव निवासी रामनिवास से मारपीट कर नगदी व मोबाइल फोन लूट की वारदात करने के आरोपी मोइन उर्फ मोनी पुत्र इकबाल निवासी नारायणा को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार समालखा दीपक ने बताया कि इस केस में थाना समालखा में रामनिवास की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

# जीएसटी गुरुग्राम और कृषि विभाग की टीम ने प्लाइवुड फैक्ट्री पर मारा छापा

## फैक्ट्री परिसर में खड़ी महिंद्रा पिकअप गाड़ी से 45 बैग यूरिया खाद बरामद किया

मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ. आदित्य प्रताप डबास भी पहुंचे और उनकी टीम ने यूरिया के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर के गांव खदरी तेलीपुरा के पास स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में देर रात जीएसटी गुरुग्राम व कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। इस दौरान फैक्ट्री परिसर में खड़ी महिंद्रा पिकअप गाड़ी से 45 बैग यूरिया खाद बरामद किए गए। मौके पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ. आदित्य प्रताप डबास भी पहुंचे और उनकी टीम ने यूरिया के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए।



**यमुनानगर।** खदरी तेलीपुरा रोड स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री से बरामद यूरिया खाद के मामले में कार्रवाई करती पुलिस टीम।

### गाड़ी पर नहीं थी नंबर प्लेट

*कृषि विभाग की शिकायत के आधार पर पुलिस ने फैक्ट्री संचालक व अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।*

जीएसटी गुरुग्राम की टीम को सूचना मिली थी कि प्लाईवुड फैक्ट्री में अवैध रूप से कृषि युक्त यूरिया का भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर देर रात टीम ने खदरी तेलीपुरा के पास स्थित लिगना पैनल्स प्लाईवुड फैक्ट्री में रेड की। रेड के दौरान फैक्ट्री परिसर में एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी खड़ी मिली। जिसमें 45 बैग यूरिया खाद भरे हुए थे। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ. आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि मौके पर उनकी टीम ने यूरिया के सैंपल लिए हैं ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि इसका उपयोग कृषि कार्यों के लिए होना था या औद्योगिक उपयोग में लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में गाड़ी पर कोई नंबर प्लेट नहीं मिली।

### बुढ़िया थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे

रेड की सूचना मिलते ही बुढ़िया थाना प्रभारी भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कृषि विभाग की शिकायत के आधार पर पुलिस ने फैक्ट्री संचालक व अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है कि यूरिया कहां से लाया गया था। किस उद्देश्य से रखा गया था और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।



**कुरुक्षेत्र।** ज्ञापन सौपते कर्मचारी।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन द्वारा दो घंटे की गेट मीटिंग पिपली एचवीपीएन में आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में जोरदार रोष व्यक्त किया। मीटिंग का आयोजन सब-डिवीजन स्तर पर किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे और अपने विचार प्रकट किए। बैठक की अध्यक्षता सब-यूनिट प्रधान धरमवीर ने की, मंच संचालन सचिव मनोज कौशिक ने। उन्होंने कहा कि नई ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी कर्मचारियों के हितों के प्रतिकूल है और इससे कार्यस्थलों पर असंतोष का माहौल बना है।

यूनियन ने मांग की कि सरकार एवं विभाग इस नीति की पुनः समीक्षा कर कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखे। और सब डिविजन इजीनियर को मांगो के लिए ज्ञापन दिया। इस अवसर पर युनिट सचिव दिनेश कौशिक सुरेन्द्र जेई, पवन सैनी, गुरमीत सिंह, विकास तथा प्रमोद, कृष्ण,शमीर शटी, रमन जेई रविन्द्र राकेश महला कई गणमान्या कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि मांगों को समय रहते नहीं माना गया, तो आगे आंदोलन को और तीव्र किया जाएगा।

# हादसे में एक्टिवा सवार आरएमपी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**दुखद**
- जगाधरी-छछरौली रोड पर हादसा दवाई देने जा रहा था डॉक्टर
- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

जगाधरी-छछरौली रोड पर देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक्टिवा चालक आरएमपी डॉक्टर की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव पंजेटो निवासी रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 66 वर्षीय विद्या भूषण आरएमपी डॉक्टर थे। वह गांव में ही नरेश धर्म कांटे के पास धर्म पब्लिक स्कूल के सामने क्लीनिक करते थे। सोमवार शाम को वह एक्टिवा पर मरीज को दवाई देने के लिए जा रहे थे। इस दौरान तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके पिता की एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसके पिता सड़क पर गिर पड़े। उनके सिर, मुंह और टांगों पर गंभीर चोटें आईं। निजी अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# बसताड़ा टोल के पास दर्दनाक हादसा, पिता-पुत्री की मौत

## तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा को पीछे से मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

बसताड़ा टोल प्लाजा के समीप मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में एक्टिवा सवार पिता-पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई। पानीपत से करनाल की ओर जा रहे दोनों को पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक की चपेट में आकर काफी दूर तक घसीटते चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान नगला मेघा निवासी 70 वर्षीय



रणवीर सिंह पुत्र जगमाल और उनकी 32 वर्षीय पुत्री रेखा के रूप में हुई है। रेखा शादीशुदा थी और वर्तमान में अपने पिता के साथ ही रह रही थी। दोनों एक्टिवा पर सवार होकर पानीपत से करनाल की ओर जा रहे थे और फुसगढ़ में किसी रिश्तेदारी में जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि जैसे ही वे बसताड़ा टोल प्लाजा के नजदीक पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार में आए एक ट्रक ने एक्टिवा को साइड से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि मौके पर ही दोनों की मौत हो गई।

हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस भिजवाया गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।



### राजस्थान नंबर का है ट्रक, चालक फरार

जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर राममेहर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हादसा ट्रक की साइड लगने से होना सामने आया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। ट्रक राजस्थान नंबर का है और उसके मालिक व चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया जाएगा और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# समावेशी सतत विकास व शिक्षा की भूमिका जैसे विषयों पर शिक्षकों ने सांझा किए विचार

- अधोया स्थित लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजूकेशन में संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

गांव अधोया स्थित लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में को इंक्लूसिव ससटेनबिल्टीः फरोम विजिन टू एक्शन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समावेशी विकास, सततता तथा शिक्षा के माध्यम से सामाजिक जागरूकता को सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रख्यात विद्वान प्रो. राम निवास शर्मा रहे। कार्यक्रम की



**अंबाला।** गोष्ठी में शामिल अतिथियों को स्वागत करते हुए प्रबंधक।

अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या एवं सेमिनार संयोजक डॉ. रेनू सोहता ने की। यह आयोजन कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान एवं कॉलेज सचिव रमेश कुमार सांगवान के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों से आए विद्वान वक्ताओं ने समावेशी सतत विकास, शिक्षा की भूमिका, नीतिगत ढांचे तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार सांझा किए। वक्ताओं ने कहा कि सतत विकास तभी संभव है जब समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चला जाए। समापन सत्र में सेमिनार संयोजक डॉ. रेनू सोहता ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शोधकर्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक आयोजन शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक सोच एवं नवाचार को बढ़ावा देते हैं।

# निगम अधिकारियों ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराने पर डेयरी और दुकान को किया सील

*नगर निगम ने नोटिस किए थे जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों पर नगर निगम की कार्रवाई जारी है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने औरंगाबाद डेयरी कांप्लेक्स में डेयरी व कांसापुर रोड कांसली स्थित दुकान को सील कर दिया। दोनों संपत्तियों के मालिकों पर नगर निगम का 1597155 रुपये टैक्स बकाया है। इन बकाएदारों को नगर निगम ने कई बार नोटिस जारी किए थे।

टैक्स जमा न कराने पर बकाएदारों को सुनवाई के लिए निगम कार्यालय भी बुलाया गया था। फिर भी संपत्ति कर जमा न कराने पर नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर सीलिंग कार्रवाई की गई। नगर निगम के क्षेत्रीय कराधान



- दोनों संपत्तियों के मालिकों पर नगर निगम का 1597155 रुपये टैक्स बकाया

**यमुनानगर।** प्रोपर्टी को सील करते निगम अधिकारी व कर्मचारी।

अधिकारी अजय वालिया ने बताया कि नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशों पर एक लाख रुपये से अधिक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स के संपत्ति मालिकों को कुछ माह पहले हरियाणा नगर निगम अधिनियम.1994 के तहत नोटिस जारी किया गया था। नोटिस मिलने के बाद कुछ संपत्ति मालिकों ने टैक्स जमा करा दिया लेकिन कुछ संपत्ति मालिकों ने प्रॉपर्टी टैक्स अभी तक जमा नहीं कराया। जिनकी प्रॉपर्टी सील करने की नगर निगम कार्रवाई कर रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों की संपत्तियां सील करने के लिए मंगलवार को उनकी टीम औरंगाबाद पहुंची। टीम में क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अजय वालिया, जितेंद्र मल्होत्रा व होमगार्ड के जवान शामिल थे। प्रॉपर्टी टैक्स जमा न कराने पर उनकी टीम ने औरंगाबाद डेयरी कांप्लेक्स में चरण सिंह एवं सुरमुख सिंह की डेयरी को सील कर दिया। इससे बाद निगम की टीम कांसापुर रोड कांसली स्थित रमेश कुमार की दुकान को सील किया। दोनों संपत्तियां सील करने के साथ ही निगम द्वारा उन पर चेतावनी नोटिस चस्पाया कि यदि नगर निगम की अनुमति के बिना सील से छेड़छाड़ की या इसे खोलने का प्रयास किया गया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों पर नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है।

## वीर बाल दिवस पर सैंड आर्ट शो में कार्यक्रम का आयोजन

# साहिबजादों की शौर्यगाथा से भावुक हुए छात्र

- जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा सरकार द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को डॉ. मंगलसेन सभागार में सैंड आर्ट शो तथा जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

40 मिनट के इस सैंड आर्ट शो में मुगलों के जुल्म, साहिबजादों की वीरता, धर्म रक्षा और बलिदान की ऐतिहासिक गाथा को अत्यंत जीवंत



रूप में प्रस्तुत किया गया। एनएसबी प्रोडक्शन मुंबई से आए कलाकार सर्वम पटेल ने रेत कला के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह — के जीवन, संघर्ष और शहादत को इस प्रकार उकेरा कि दर्शकों को लगा मानो इतिहास साक्षात सामने घटित हो रहा हो।

सैंड आर्ट शो में खालसा पंथ की स्थापना के बाद मुगल शासकों व सरहिंद के सूबेदार वजीर खां द्वारा किए गए अत्याचार, 20-21 दिसंबर 1704 को गुरु गोविंद सिंह जी का परिवार सहित आनंदपुर साहिब छोड़ना, सरसा नदी पर परिवार का बिछड़ना, गंगू की गद्दारी, माता गुजरी व छोटे साहिबजादों की गिरफ्तारी और ठंडे बुर्ज में अमानवीय व्यवहार को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

### 132 स्कूलों से 382 विद्यार्थियों ने भाग लिया

शो में यह भी दिखाया गया कि कैसे मात्र 7 वर्षीय साहिबजादा जोरावर सिंह और 5 वर्षीय साहिबजादा फतेह सिंह ने वजीर खां के सामने इस्लाम स्वीकार करने से इनकार करते हुए 'जो बोले सो निहाल, सत श्री अकाल' का जयघोष किया। अंततः 27 दिसंबर 1704 को दोनों साहिबजादों को दीवारों में चुनवा दिया गया। शहादत की खबर सुनकर माता गुजरी ने अकाल पुरख का स्मरण करते हुए अपने प्राण त्याग दिए। इसके साथ ही चमकौर साहिब के युद्ध में साहिबजादे अजीत सिंह व जुझार सिंह की वीरगति को भी सैंड आर्ट के माध्यम से दर्शाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को साहस, सत्यनिष्ठा, कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में जिले के 132 स्कूलों से 382 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी और संस्कृत भाषाओं में आयोजित की गई। सैंड आर्ट शो को 700 से अधिक विद्यार्थियों ने देखा।

# राजरानी को दिया 5 लाख का चेक

- हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी बोली, हर वर्ग के लिए योजनाओं बनाकर उन्हें लागू किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के हर वर्ग के लिए योजनाओं बनाकर उन्हें लागू किया जा रहा है। भाजपा सरकार प्रदेश में अंत्योदय की नीति से कार्य कर रही है।

सबसे पहले अंतिम व्यक्ति को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा के प्रत्येक गांव व शहरी क्षेत्र में करोड़ों



**लाडवा।** चैक सौपती हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी।

रुपए से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इन कामों के पूरा होने पर हल्के की तस्वीर पूरे प्रदेश में अलग ही नजर आएगी। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मंगलवार को गांव खैरी में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इस दौरान उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने लाडवा विधानसभा के गांव खानपुर कोलियां निवासी दीनानाथ की पत्नी राजरानी को 5 लाख रुपए का चैक वितरित किया। उनके पुत्र सुखविंदर सिंह की जहरीले जीव के काटने से मृत्यु हो गई थी, जिन्हें मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत सहायता राशि प्रदान की गई है। इस मौके पर मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना गोरी, चेयरमैन डॉ. सतीश कुमार मथाना, सेक्रेटरी गुरमीत सिंह सैनी, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



करनाल। विधेयक के विरोध में खेत मजदूर यूनियन के पदाधिकारी।

### मनरेगा को कमजोर करने का आरोप

**करनाल।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन हरियाणा की राज्य कमेटी ने विकसित भारत-रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन से जुड़े प्रस्तावित विधेयक का विरोध करते हुए इसे मनरेगा को कमजोर करने की साजिश बताया है। राज्य अध्यक्ष जगमाल सिंह और राज्य महासचिव प्रेम चंद ने कहा कि यह प्रस्तावित कानून ग्रामीण मजदूरों के रोजगार के अधिकार पर सीधा हमला है। यूनियन ने 17 से 20 दिसंबर तक गांव, ब्लॉक और जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने और विधेयक की प्रतियां जलाने का आह्वान किया है।

### आवारा कुत्तों पर सख्ती से लगाई जाएगी लगाम




**करनाल।** जिले में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक पर लगाम लगाना और बच्चों व नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त लघु सचिवालय में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक से पूर्व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों को दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जिले में संयुक्त कार्य बल और जिला निगरानी समिति का गठन किया जा चुका है।

### विधायक को किसानों के मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन



**करनाल।** हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने प्रदेश के सभी विधायकों को मांग पत्र सौंपते हुए विधानसभा के शीतकालीन सत्र में किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने की मांग की है। करनाल में मोर्चा के सदस्य विधायक जगमोहन आनंद को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। विधायक की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय प्रतिनिधि ने ज्ञापन प्राप्त किया। भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के प्रवक्ता बहादुर मैहला बलड़ी और किसान नेता जगदीप ओलख ने आरोप लगाया कि केवल कुछ कर्मचारियों को निलंबित कर घोटाले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन में किसानों मजदूरों का कर्ज माफ करने, एमएसपी पर खरीद का गारंटी कानून, ट्रैक्टर पर बढ़ाया गया रजिस्ट्रेशन टैक्स वापस लेने, धान घोटाले की निष्पक्ष जांच, नुकसान की भरपाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार और प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान पर मुआवजे की मांग शामिल है।

# शिक्षा के साथ संस्कार और प्राकृतिक खेती भी जरूरी : आचार्य देवव्रत

**भविष्य को उन्नति की दिशा में ले जाने के लिए केवल अक्षर ज्ञान पर्याप्त नहीं**

- राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने आर्य सीनियर सेकेंडरी विद्यापीठ बस्तली में स्वास्थ्य एवं प्राकृतिक खेती की चुनौतियों पर कार्यक्रम को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। आर्य सीनियर सेकेंडरी विद्यापीठ बस्तली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर राज्यपाल आचार्य देवव्रत, विधायक सतपाल जाम्बा, बलकार सिंह तथा अन्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

गुजरात व महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि भारत के भविष्य को उन्नति की दिशा में ले जाने के लिए केवल अक्षर ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ चारित्रिक, बौद्धिक और शारीरिक विकास भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति है। नशा, अंधविश्वास और रासायनिक खेती देश और समाज के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुके हैं।

राज्यपाल आचार्य देवव्रत मंगलवार को आर्य सीनियर सेकेंडरी विद्यापीठ बस्तली में स्वास्थ्य एवं प्राकृतिक खेती की चुनौतियां विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा तथा रोड महासभा के प्रधान बलकार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालय में नवनिर्मित सभा स्थल का उद्घाटन भी किया।

आचार्य देवव्रत ने अपने संबोधन में कहा कि कृष्ण आर्य द्वारा वर्षों पूर्व रोपा गया शिक्षा का पौधा आज एक विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है। यह संस्थान शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कार भी दे रहा है, जहां दो हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा के गांवों में अखाड़े हुआ करते थे, लोग खेतों में श्रम करते थे और समाज में मजबूत भाईचारा था, लेकिन आज युवा नशे की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं, जो समाज को खोखला कर रहा है। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि वर्ष 1960 में भूमि में जैविक कार्बन की मात्रा 2 से 2.5 प्रतिशत थी, जो अब घटकर मात्र 0.5 प्रतिशत रह गई है। अंधाधुंध रासायनिक खेती से भूमि बंजर होती जा रही है और कैंसर, शुगर जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। प्राकृतिक खेती से न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ती है, बल्कि जल संरक्षण होता है और मानव स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती में प्रति एकड़ लगभग 2000 रुपये का ही खर्च आता है और उत्पादन भी अधिक होता है।

**प्राकृतिक खेती में ज्यादा**

*आचार्य देवव्रत ने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि वर्ष 1960 में भूमि में जैविक कार्बन की मात्रा 2 से 2.5 प्रतिशत थी, जो अब घटकर मात्र 0.5 प्रतिशत रह गई है। अंधाधुंध रासायनिक खेती से भूमि बंजर होती जा रही है और कैंसर, शुगर जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। प्राकृतिक खेती से न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ती है, बल्कि जल संरक्षण होता है और मानव स्वास्थ्य भी सुरक्षित रहता है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती में प्रति एकड़ लगभग 2000 रुपये का ही खर्च आता है और उत्पादन भी अधिक होता है।*

पुंडरी के विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि किसानों को अधिक से अधिक प्राकृतिक खेती अपनानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल के प्रेरणास्त्रोत प्रयासों से अनेक किसान प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण लेकर अपने खेतों में इसे अपना रहे हैं।

रोड महासभा के प्रधान बलकार सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को खेलों के लिए प्रेरित करें। खेलों से अनुशासन आता है और शरीर व मन स्वस्थ रहता है।

उन्होंने शिक्षकों से भी आग्रह किया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृति, बड़ों के सम्मान और भाईचारे की भावना से जोड़ें। विद्यालय संचालक कृष्ण आर्य ने राज्यपाल आचार्य देवव्रत को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इसके साथ ही अन्य अतिथियों का भी सम्मान किया गया।

# विजय दिवस पर शहीदों को नमन, वीरांगनाएं सम्मानित



करनाल। महान विजय दिवस कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट।

- सैनिक विश्राम गृह करनाल में जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग की ओर से सैनिक विश्राम गृह के सभागार में महान विजय दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी तथा वीरांगनाओं को सम्मानित किया।

अतिरिक्त उपायुक्त सबसे पहले शहीदी स्मारक पहुंचे, जहां उन्होंने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया। इसके उपरांत सैनिक विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में युद्ध वीरांगनाओं को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना का अनुशासन, त्याग और देशभक्ति समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि महान विजय दिवस वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध में मिली ऐतिहासिक जीत की याद दिलाता है, जब भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने अद्वितीय शौर्य का परिचय देते हुए बांग्लादेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने सैनिक परिवारों की समस्याएं भी सुनीं और आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करेगा। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वेलफेयर ऑफिसर एवं सचिव कर्नल ओपी शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में ब्रिगेडियर रणधीर सिंह, कर्नल बी एस बिंद्रा, कर्नल राजबीर सिंह, कर्नल राजेंद्र सिंह, कर्नल संदीप कपूर, कर्नल जे पी सिंह, ग्रुप कैप्टन प्रमोद, कमांडर एस एस मान सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# ग्राम स्वराज की अवधारणा पंचायत प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण पर निर्भर



करनाल। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी में राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष संजीव कौशल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

- हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी में राज्य वित्त आयोग की पहल पर परिसंवाद

**करनाल।** ग्राम स्वराज की सफलता पंचायत प्रतिनिधियों और कार्मिकों के निरंतर, व्यवहारिक और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण पर निर्भर करती है। यह विचार सातवें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं हरियाणा के पूर्व मुख्य सचिव संजीव कौशल ने हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी में आयोजित परिसंवाद में व्यक्त किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने की। आयोग के सदस्य सचिव डॉ. अंशज सिंह, आईएएस भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने आयोग अध्यक्ष, सदस्य सचिव एवं प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान पंचायत प्रतिनिधियों व कार्मिकों के प्रशिक्षण के माध्यम से लोकतंत्र की जड़ों को गांवों तक मजबूत करने का कार्य कर रहा है। इस परिसंवाद का उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं की क्षमता निर्माण व्यवस्था का समग्र आकलन कर भावी सिफारिशों के लिए ठोस सुझाव तैयार करना था। बैठक में बीते पांच वर्षों में हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, राजीव गांधी पंचायती राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान, क्षेत्रीय पंचायती राज संस्थान भिवानी तथा राज्य पंचायत संसाधन केंद्र नीलोखेड़ी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। संजीव कौशल ने कहा कि संस्थान द्वारा किए गए प्रशिक्षण कार्यों का विस्तृत दस्तावेज आयोग की रिपोर्ट के लिए अत्यंत उपयोगी होगा।

# बढ़ते अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का सख्त रुख

*नपा अधिकारियों, पार्षदों, दुकानदारों की बैठक*



**घरौंडा।** शहर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण को लेकर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए निर्णायक कार्रवाई के संकेत दे दिए हैं। एसडीएम घरौंडा राजेश सोनी के नेतृत्व में नगर पालिका प्रांगण में नगर पालिका अधिकारियों, वार्ड पार्षदों और शहर के प्रमुख दुकानदारों की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें अतिक्रमण को जड़ से खत्म करने को लेकर स्पष्ट और कड़े निर्णय लिए गए। बैठक में एसडीएम ने अराईपुरा रोड, एसडी मंदिर रोड और रेलवे रोड पर बढ़ रहे अतिक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब शहर में मनमानी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि रेलवे रोड पर अब किसी भी हालत में अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा और इसके लिए प्रशासन ने ठोस प्लान तैयार करने का निर्णय लिया है। एसडीएम राजेश सोनी ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपना सारा सामान दुकानों के अंदर ही रखें। दुकानों के बाहर सामान निकालकर सड़क व फुटपाथ घेरने वालों पर अब सीधी कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन जल्द ही रेलवे रोड पर सभी दुकानों के सामने पीली पट्टी लगाएगा, जो अतिक्रमण की अंतिम सीमा होगी। इसके बावजूद यदि किसी दुकानदार ने अतिक्रमण किया तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और आगे कानूनी कार्रवाई से भी पीछे नहीं हटा जाएगा। एसडीएम ने कहा कि शहर के कई मुख्य चौकों पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालकों तक को जाम और अव्यवस्था झेलनी पड़ रही है। इसे लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में है और किसी भी चौक, सड़क या सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। बैठक में नगर पालिका अधिकारियों और पार्षदों से भी स्पष्ट कहा गया कि वे अपने-अपने वार्डों में अतिक्रमण पर नजर रखें और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दुकानदारों से अपील

प्रशासन ने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाया गया तो कार्रवाई से बचा जा सकता है, लेकिन नियम तोड़ने वालों पर सख्ती तय है।

## नत्था सिंह नगर में टूटा मेनहोल बना हादसों का कारण



**तरावड़ी।** नत्था सिंह नगर क्षेत्र में जनस्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। कॉलोनी की मुख्य सडक के बीचों-बीच लंबे समय से टूटा पड़ा मेनहोल राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस समस्या को लेकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को कई बार मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। सडक के बीच स्थित यह टूटा मेनहोल विशेषकर रात के समय जानलेवा साबित हो सकता है। अंधेरे में इसकी सही पहचान न होने के कारण दोपहिया वाहन चालक कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। वहीं स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी इस रास्ते से गुजरते समय खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि हाल ही में एक कार इस टूटे मेनहोल में धंस गई, जिससे वाहन को आर्थिक नुकसान हुआ। लोगों का कहना है कि यदि रात के समय कोई बच्चा इसमें गिर जाए तो बड़ा हादसा हो सकता है।

## जेल लोक अदालत में 6 मामलों का निपटारा

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में मंगलवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन के समक्ष 8 मुकदमे रखे गए, जिनमें से 6 मामलों का निपटारा करते हुए 14 बंदियों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया गया। इस दौरान सीजेएम ने बंदियों को नशा और चोरी से दूर रहने की शपथ भी दिलाई तथा जेल में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने श्रद्धानंद बाल आश्रम और नारी निकेतन का दौरा कर वहां रह रहे बच्चों एवं महिलाओं से बातचीत की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## न्यूज डायरी

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण में किया अवलोकन

**करनाल।** डाइट करनाल में आयोजित पांच दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिवस का अवलोकन डाइट प्रधानाचार्या ज्योत्सना मिश्रा द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में टीजीटी हिंदी, टीजीटी सामाजिक विज्ञान तथा पीजीटी भूगोल के विभिन्न विद्यालयों से आए अध्यापक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण का आयोजन डाइट इंचार्ज मनीष कुमार की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय महाविद्यालय करनाल के प्राध्यापक डॉ. नरेश कुमार द्वारा नई शिक्षा नीति पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें शिक्षण पद्धति, पाठ्यक्रम में नवाचार तथा विद्यार्थी केंद्रित शिक्षण पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। विषय विशेषज्ञों के रूप में भूपेंद्र, डॉ. विक्रम सिंह चौहान, मनोज, सुधीर तथा डॉ. प्रवीण द्वारा विषयवार सत्र आयोजित कर प्रतिभागी अध्यापकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण संसाधनों, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं के उच्च स्तर की सराहना की गई। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से अध्यापक अपनी शिक्षण विधि में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं तथा कक्षा के वातावरण को अधिक प्रभावी और छात्र हितैषी बना सकते हैं। सायंकालीन सत्र में डाइट इंचार्ज मनीष कुमार ने सभी प्रशिक्षकों, प्रतिभागी अध्यापकों एवं सहयोगी स्टाफ का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डाइट से नरेंद्र, ईश्वर सिंह तथा सुभाष सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में 125 नवाचारी मॉडल पेश



**करनाल।** एससीईआरटी गुरुग्राम के तत्वावधान में जिला शिक्षा विभाग करनाल द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सेक्टर-13 में जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान और गणित से जुड़े 125 मॉडल प्रस्तुत किए। नोडल अधिकारी दीपक वर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर चयनित विद्यार्थियों ने वर्षा जल संचयन, प्राकृतिक खेती, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, सतत कृषि, उभरती प्रौद्योगिकी, गणितीय सूत्र, कचरा प्रबंधन और जल संरक्षण जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल तैयार किए। जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा और उप जिला शिक्षा अधिकारी ज्योत्सना मिश्रा ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। रोहताश वर्मा ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। ज्योत्सना मिश्रा ने कहा कि इससे बच्चों में रचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक सोच को बल मिलता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी निशुल्क स्कूल वर्दियां



**इंद्री ।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला बुढ़नपुर खालसा में सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। जरूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क स्कूल वर्दियों का वितरण किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह, आत्मविश्वास और खुशी का माहौल देखने को मिला। सेवा कार्य का आयोजन गांव बुढ़नपुर खालसा निवासी समाजसेवी जितेंद्र शर्मा व उनकी धर्मपत्नी कविता शर्मा, जो पिछले लगभग 15 वर्षों से इंग्लैंड में कार्यरत हैं, के सहयोग से किया गया। पुनीत पहल के प्रमुख प्रेरक जितेंद्र के पिता समाजसेवी नत्थाराम शर्मा रहे, जबकि उनके भाई कमल शर्मा व प्रवेश शर्मा ने विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में नत्थाराम शर्मा एवं कमल शर्मा ने विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को वर्दियां वितरित कीं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को आगे बढ़ाना उनका निरंतर उद्देश्य है, ताकि आर्थिक अभाव के कारण किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न हो। उन्होंने बच्चों से शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार एवं खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। विद्यालय के मुख्याध्यापक ईश्वर दयाल ने शर्मा परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका सेवा भाव समाज के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष भी समाजसेवी जितेंद्र शर्मा द्वारा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को स्कूल वर्दी, बैग व स्टेशनरी सामग्री उपलब्ध कराई गई थी, जिससे विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिला। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य मौजूद रहें ।

## पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में जागरुकता अभियान आयोजित

# 'कौशल और अवसर से ट्रांसजेंडर जीवन का सशक्तिकरण'

- विद्यार्थियों के लिए 'वजूद' फिल्म का प्रदर्शन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




करनाल। जागरूकता अभियान के दौरान मंच पर उपस्थित उप-प्राचार्य, एनएसएस अधिकारी, विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका एवं विद्यार्थी।

सामाजिक समानता, मानवाधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में पं. चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल की एनएसएस इकाइयों द्वारा विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ के सहयोग से "कौशल, गरिमा और अवसर के माध्यम से ट्रांसजेंडर जीवन का सशक्तिकरण" विषय पर विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और समावेशी सोच विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ उप-प्राचार्य डॉ. जरनैल सिंह के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों को गरिमा और समान अवसर प्रदान करना भी है। उन्होंने युवाओं से समावेशी समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### कानून में सभी नागरिकों को समान अधिकार

विधिक साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सरिता आर्य ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों से जुड़े संवैधानिक अधिकारों, कानूनी संरक्षण और न्यायिक प्रावधानों की जानकारी दी। कानून सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है और समाज का दायित्व है कि ट्रांसजेंडर समुदाय को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश रंगा ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य समाज में सेवा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों और संवेदनशीलता का विकास करना है। उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय के सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास, आत्मनिर्भरता और रोजगार के अवसरों को जरूरी बताया।

विद्यार्थियों के लिए "वजूद" और फिल्मों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें ट्रांसजेंडर समुदाय के संघर्ष, आत्मसम्मान और पहचान की लड़ाई को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को अधिक मानवीय और संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह के खिलाफ शपथ ग्रहण की

**पानीपत।** बाल विवाह मुक्त भारत के तहत जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी और एमडीडी आफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में समालखा के गांव देहरा, डिकाडला, पावटी, पानीपत में चांदनी बाग आंगनवाड़ी केंद्र एवं गांव निंबरी के गीता विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित मेगा लीगल सर्विसेज कैंप के दौरान जागरूकता स्टॉल लगाकर बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया।

### स्वदेशी अपनाएं ग्रामीण योग के बारे में जानकारी दी

**पानीपत।** जिला कार्यालय में पतंजलि योग समिति की बैठक हुई। जिसमें निर्णय लिया गया की सभी गांव में सर्दी के दिनों में पंचायत घर या चौपाल के अंदर योग शिविर लगाकर ग्रामीणों को योग के बारे में एवं स्वदेशी अपनाने की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी डॉ.शीशपाल, अशोक अरोड़ा, बलवान सैनी, रामपाल, अशोक गरुड़, श्याम गुलाटी, बलवंत सिंह, रामपाल शर्मा, बलवान शर्मा ज्ञानी राम आदि उपस्थित रहे।

### पति ने किया दुष्कर्म केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के थाना चांदनी बाग क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। घटना तब की है, जबकि दोनों के बीच वैवाहिक विवाद कोर्ट में चल रहा है। महिला का आरोप है कि उसका पति शराब के नशे में धुत होकर जबरदस्ती गाड़ी में घुसा और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने घटना से जुड़े सबूत भी पुलिस को सौंपे हैं।

### डिजिटल पार्टल से जुड़ें युवा

**पानीपत।** उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने युवाओं से आह्वान किया है कि वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बनाए गए डिजिटल पार्टलों से जुड़कर सरकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी प्राप्त करें और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। वहीं, अब सरकार ने ऐसे डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किए हैं जो न केवल योजनाओं की जानकारी देते हैं बल्कि नागरिकों को नीति निर्माण और संवाद का अवसर भी प्रदान करते हैं।

### पोएट्री में कीर्ति व भूमि प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष बी के विद्यार्थियों के लिए पोएट्री पैलेट प्रतियोगिता करवाई। वहीं, विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं में यह संदेश दिया कि भारत केवल एक देश नहीं, बल्कि अनेक रंगों, भाषाओं और परंपराओं से सजा एक सुंदर गुलदस्ता है। वहीं, प्रतियोगिता में प्रथम कीर्ति व भूमि, द्वितीय पायल, तृतीय हिमांशी, सांत्वना पुरस्कार गरिमा व मीनाक्षी को मिला।

### बिजली कर्मियों ने ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** पानीपत के इसराना में हरियाणा बिजली बोर्ड कर्मचारी यूनियन का ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ सब-यूनिट्स पर चल रहा धरना पांचवें दिन समाप्त हो गया। धरने के समापन के बाद कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में एसडीओ इसराना को मांग पत्र सौंपा।

# भाजपा एक परिवार की नहीं कार्यकर्ताओं की पार्टी है : बेदी

## मंत्री ने भाजपा कार्यालय में बैठक कर जानी जनता की समस्याएं

■ जिला महामंत्री ने सभी का स्वागत व सुमित जागलान ने सभी का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

श्याम कमल जिला भाजपा कार्यालय में हरियाणा के समाजिक, न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया गए। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट ने की। जिला महामंत्री सुनील कंसल ने सभी का स्वागत व सुमित जागलान ने सभी का आभार जताया। जिला सचिव रविन्द्र रावल ने बापौली क्षेत्र की सामूहिक समस्या को उठाया। इसी


**पानीपत।** भाजपा कार्यालय पर मंत्री कृष्ण बेदी का स्वागत करते हुए भाजपा नेता नवीन भाटिया, दुष्यंत भट्ट आदि।

प्रकार कृष्ण किवाना, धर्मपाल जागलान, अंतर सिंह और कुलदीप जांगडा ने अपने क्षेत्रों की समस्या को उठाया। मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और संगठन में कार्यकताओं को अन्य से अधिक सम्मान दिया जाता है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की मूल विचार धारा को जन जन तक पहुंचना के लिए ओर अधिक प्रयास करें। भाजपा संगठन में युवा कार्यकर्ता का भविष्य अधिक उज्ज्वल है। यही नहीं मजबूत लोकतंत्र के लिए भी चुनाव सुधार करना जरूरी हो गया है और निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर अभियान को सफल बनाना भी आवश्यक हो गया है। वहीं दुष्यन्त भट्ट व नवीन भाटिया ने कहा कि पानीपत जिला यू तो हमेशा ही भाजपा विजयी बनाने में सबसे आगे रहा है। अब स्वदेशी ओर आत्म निर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के सभी प्रयास कर रहा है और उन्हें उम्मीद है कि एसआईआर अभियान को भी सफल बनाने मे अहम भूमिका अदा करेगा। इस अवसर पर रोशन लाल माहला, कृष्ण दुग्गल, बलिंद्र हुड्डा, रविंद्र तोशामड, सतबीर पांचाल, युवा अध्यक्ष अमित पंडित, संजय अग्रवाल, लाजपत, सुभाष कबीरपंथी, भावना जैन, अनिता , जसबीर टिटाणा, समुन्दर सिंह, प्रमोद, प्रदीप, प्रदीप उपाध्याय व कुलदीप आदि मौजूद रहे।


**पानीपत।** जेल में निटिंग सेंटर का शुभारंभ करते अधीक्षक संजीव कुमार आदि।

# जेल में महिला बंदियों के लिए निटिंग सेंटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

■ मुख्य अतिथि के रूप में इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पूजा गोयल उपस्थित रहीं

इनर व्हील क्लब पानीपत के द्वारा जिला जेल, पानीपत में महिला बंदियों के लिए निटिंग सेंटर का शुभारंभ अधीक्षक जेल संजीव कुमार की उपस्थिति में किया गया। इनर व्हील क्लब पानीपत द्वारा इंडिया विजन फाउंडेशन के सहयोग से एक नई पहल करते हुए निटिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इनर व्हील डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन पूजा गोयल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला जेल पानीपत के अधीक्षक जेल संजीव कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। यह निटिंग सेंटर इनर व्हील क्लब पानीपत की एक प्रमुख पहल है। उद्घाटन अवसर पर क्लब की अध्यक्ष अनीता कपूर और सचिव अंजलि डेलोरी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस पूरे प्रोजेक्ट का समन्वय प्रोजेक्ट को.ऑर्डिनेटर सीमा चोपड़ा और को. कोऑर्डिनेटर आकांक्षा जैन द्वारा किया गया। इस केंद्र का उद्देश्य कौशल विकास के माध्यम से महिला बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना है।


**समालखा।** डीपीएस पानीपत सिटी जूनियर के कार्यक्रम में शिकरत करते विद्यार्थी व उनकी माताएं। फोटो : हरिभूमि

### बच्चों में रचनात्मकता व आत्मविश्वास को बढ़ावा दें : राणा

**समालखा।** डीपीएस पानीपत सिटी जूनियर के प्रांगण में प्री. प्राइमरी विंग के नन्हें विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ बोन्ड इन बीट थीम पर आधारित एक विशेष आयोजन में भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में आपसी सहयोग, ताल-मेल, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने संगीत की धुनों पर तालियां बजाकर, कदमों की लय के साथ सरल गतिविधियां प्रस्तुत की। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और संगीत के माध्यम से आपसी जुड़ाव का सुंदर संदेश दिया। इधर, विद्यालय के प्रो. वाइस चेयरमैन अमित राणा ने कहा कि इस आयोजन से बच्चों की भावनात्मक अभिव्यक्ति और समूह भावना मजबूत हुई। विद्यालय की मुख्याध्यापिका सरिता विज ने बच्चों को पुरस्कृत किया।

### सिख विरोधी दंगा पीड़ितों को नौकरी देगी सरकार

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों सरकारी नौकरी देने का निर्णय लिया है। हरियाणा कौशल निगम में लेवल वन, लेवल 2 और लेवल 3 के अंतर्गत प्रावधानों के अनुसार योग्यता के आधार पर नौकरी दी जाएगी। सरकार ने हरियाणा के ऐसे परिवारों को नौकरी देने का निर्णय लिया है जिनके परिवार के सदस्य की 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों में हरियाणा या हरियाणा से बाहर मौत हुई है। वहीं, नौकरी हरियाणा में ही दी जाएगी। पानीपत जिला से प्रभावित परिवार 17 दिसंबर शाम पांच बजे तक डीसी कार्यालय पानीपत में निम्नलिखित जानकारी के साथ कागजात जमा करवाएं ताकि सरकार के पास समय पर भेजे जा सकें। मृतक का नाम, दिनांक और स्थान जहां पर मौत हुई थी, मृत्यु प्रमाण पत्र की कॉपी, एफआईआर की कॉपी या अन्य संबंधित कागजात जो सिद्ध करें।

# आर्य कॉलेज ने वॉलीवाल नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी में जीता सिल्वर

■ विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज में पहुंचने पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज की महिला वालीबॉल खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा आयोजित महिला नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर कॉलेज एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उप प्रधान वीरेंद्र शिंगला व प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज में पहुंचने पर बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य प्रो.डॉ.गुप्ता ने इस जीत का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण सहित


**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता के साथ विजेता खिलाड़ी।

अन्य स्टाफ सदस्यों को दिया। वहीं, प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक ज्ञान तक सीमित नहीं है बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ द्वारा महिला नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की महिला वालीबॉल टीम की कप्तान तन्नू राठी, प्रेरणा रावल, श्यामभवि, नाजिया, ज्योति व आरती ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने प्रदर्शन की बदौलत विश्वविद्यालय को रजत पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। महिला वॉलेबाल खिलाड़ियों की टीम आने वाली 18 दिसंबर को एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए रवाना होगी।

**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.विजय, शारीरिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राजेश टूर्ण, कोच राजेंद्र देशवाल, अनूप गुलिया, सुनील पहल व प्राध्यापिका रजनी आदि मौजूद रहे।

# किसी भी नागरिक को न्याय से वंचित नहीं रहने देंगे : कुमार

■ जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में दस शिकायतों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

समाज न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) मंत्री कृष्ण कुमार ने जिला सचिवालय सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जिलेभर से आई शिकायतों पर विस्तार से सुनवाई करते हुए


**पानीपत।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में जनसुनवाई करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति स्पष्ट है किसी भी नागरिक को न्याय से वंचित नहीं रखा जाएगा।

हर शिकायत पर निष्पक्ष, समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन हर जरूरतमंद को सुलभ तरीके से न्याय दिलाने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। जबकि मंत्री कृष्ण कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने समस्याओं के निस्तारण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत की जाए। बैठक में जिला शहरी विधायक प्रमोद विज, बीजेपी जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आदि अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### सैंड आफ आर्ट शो में साहिबजादों की बहादुरी को दिखाया

**पानीपत।** पानीपत में सैंड आफ आर्ट के माध्यम से श्री गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह के शहादत के हर लम्हें को अनोखे अंदाज में दिखाया गया। इस 40 मिनट के सेंड ऑफ आर्ट शो में मुगलों के जुल्म और चार साहिबजादों की वीरगाथा को युवा पीढ़ी के समक्ष रखा गया। इस सैंड आफ आर्ट शो का आयोजन वीर बाल दिवस के उपलक्ष में हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से आयोजित किया गया। वहीं, स्कूल के प्रांगण में दर्जनों बच्चों ने वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा.सुनील बसताडा, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर संदीप रतेवाल, मीनाक्षी शर्मा, अनीता बठला, मुकेश, नरेश मलिक, शशिकांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।


**पानीपत।** आर्य कॉलेज में सैंड आफ आर्ट शो देखते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# जरूरतमंदों की मदद को बढ़े इनर व्हील क्लब के हाथ

■ चार स्वेटर बनाने की मशीन ऊन तथा अन्य सामग्री दी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

इनर व्हील क्लब जिला 308 की जिलाध्यक्ष पूजा गोयल का इनर व्हील क्लब पानीपत में भव्य स्वागत किया गया तथा इसके अंतर्गत सर्वप्रथम निजामपुर स्कूल का निरीक्षण किया गया। यहां क्लब द्वारा की गई परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस वर्ष यहां की शिक्षकों के लिए टेबल व कुर्सी प्रदान की गई। इसके बाद पूजा डिस्ट्रिक्ट जेल पानीपत में पहुंची। यहां कैदियों क्लब ने किरन बेदी की संस्था इंडिया विजन फाउंडेशन के साथ मिलकर जेल में स्वेटर मेकिंग केंद्र खोला गया। वहां चार स्वेटर बनाने की मशीन ऊन तथा अन्य सामग्री दी गई। जिसका संचालन पीडीसी सीमा चोपड़ा, जेड सीसी


**पानीपत।** इनर व्हील क्लब जिला 308 की अध्यक्ष पूजा गोयल के साथ क्लब की पदाधिकारी आदि। फोटो : हरिभूमि

आकांक्षा जैन द्वारा किया गया। इसके अलावा पूजा गोयल ने इनर व्हील क्लब द्वारा संचालित प्रौढ़ शिक्षा केंद्र, शिशु क्रीड़ा गृह का भी निरीक्षण किया। जबकि क्लब सदस्यों के साथ पूजा गोयल आशियाना ओल्ड एज होम पहुंची वहां चादरें व राशन दिया गया। इसके अलावा गुरुकुलम में लड़कियों को रजाइयां और कंबल दिए गए। जिसके बाद पूजा द्वारा होटल ग्रैंड प्लाजा में क्लब के कार्यकारिणी मीटिंग हुई। जिसमें पूजा ने क्लब के सभी टीम मेंबर्स के इस वर्ष के अब तक के किए हुए कार्यों की फाइलों द्वारा निरीक्षण किया। इस अवसर पर अमित ढींगरा, प्रधान अनीता कपूर, पीडीसी सीमा चोपड़ा, जोनल काउंसलर पीडीसी डॉ. गीता गुप्ता, पूर्व प्रधान हर्ष नागपाल, अंजलि दीलोरी, रजनी चांद, रेखा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**श्रद्धांजलि** — वीरांगनाओं को सम्मानित किया, देश भक्ति के गीत गाए

# विजय दिवस पर शहीदों को नमन किया

■ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसी मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता ने सैनिक भवन के निर्माण के लिए 51,000 रुपये की राशि भेंट की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के गांव बलाना स्थित सैनिक भवन में मंगलवार को सन 1971 के युद्ध में शहीद हुए वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर क्षेत्र के अन्य युद्ध शहीदों को भी याद किया गया और उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसी मेडिकल कॉलेज के अध्यक्ष धर्मवीर गुप्ता थे, जो स्वतंत्रता सेनानी नेमीचंद जैन के पुत्र हैं। उन्होंने सैनिक भवन


**पानीपत।** विजय दिवस पर वृद्धाओं को सम्मानित करते हुए समाजसेवी रंजीत कौशिक। *फोटो : हरिभूमि*

के निर्माण के लिए 51,000 रुपये की राशि भेंट की। वहीं, कार्यक्रम में 1962 के युद्ध में शहीद हुए गांव छिछड़ाना के आरते राम, 1965 के युद्ध में शहीद हुए गांव नौल्था के रामकिशन, महा सिंह, आंखे राम, राजवीर सिंह और रामकिशन के परिजनों को सम्मानित किया गया। व वीरांगनाओं को सम्मानित किया, देश भक्ति के गीत गाए। इसके अलावा, 1971 के युद्ध में शहीद हुए देवक राम और हरिराम तथा 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए अमरदीप सिंह और विजय सिंह के परिवारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कर्नल रामकुमार, जनरल पीके सिंह, डॉक्टर निवेदिता सिंह, कैप्टन प्रताप सिंह, विंग कमांडर सुरेंद्र गौड़, वारंट ऑफिसर ओम प्रकाश सहित अनेक भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे। दूसरी ओर, फैला उजियारा फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर जिला के गांव मांडी में शहीदों को नमन किया गया और वृद्ध महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक, पार्वती, राधा, पूनम, सनीता, संतोष, रोशनी, ममता, संतोष, छबीली, पानपौरी, राजो आदि उपस्थित रही।

### इनेलो हर वर्ग की हितैषी : माजरा

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड स्थित राठी फॉर्म पर इंडियन नेशनल लोकदल की जिला कार्यकारिणी कार्यकर्ता बैठक हुई। बैठक में मुख्य वक्ता इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा रहे। वहीं जिला अध्यक्ष कुलदीप राठी ने कहा कि 20 दिसंबर को चौ.ओमप्रकाश चौटाला की पुण्यतिथि पर पानीपत से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता तेजा खेड़ा फार्म हाउस पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने जाएंगे। बैठक में हेमराज जागलान, धर्मवीर पाढ़ा, रामकुमार नंबरदार, कृष्ण भौक्कर सरपंच, राजेंद्र जागलान, शमशेर सिंह देशवाल, राजेश झट्टीपुर आदि उपस्थित रहे।

■ 20 दिसंबर को ओमप्रकाश को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**वसीयत का इन्तकाल करने बारे नोटिस**
**बनाम जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमति गजना पत्नी स्व0 श्री राजबीर निवासी गोपाल कालोनी पानीपत की दिनांक 25-04-2024 को मृत्यु हो चुकी है। जिन्होने एक वसीयत प्रलेख न0.130 दिनांक 18-05-2023 रजि0 सब-रजिस्ट्रार पानीपत अपनी पुत्री मोनिया पुत्री राजबीर निवासी गोपाल कालोनी पानीपत के हक में पंजीकृत करवाई थी। अब श्रीमति गजना पत्नी स्व0 श्री राजबीर निवासी गोपाल कालोनी पानीपत की मृत्यु उपरान्त वसीयत का इन्तकाल न0.43683 रकबा पत्ती राजपुतान तहसील व जिला पानीपत वसीयत की रूह से मोनिया पुत्री राजबीर के नाम दर्ज किया गया है जिसको मन्जुर किया जाना है। प्रार्थी द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त प्रलेख आज तक कभी कैंसल नही हुआ है। इसलिये इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वसीयत के इन्तकाल का फैसला होने पर किसी भी व्यक्ति को या वारिस को या अन्य किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति किसी भी कार्य दिवस में असालतन या वकालतन इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 7 दिन के अन्दर-2 मेरे कार्यालय में पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उक्त वसीयत का इन्तकाल नियमानुसार कर दिया जायेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 12-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया। जिसका क्रमांक नं.1129 है।

तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**तेजस्वी छाबडा पुत्र व सार्थक छाबडा पुत्र व डिम्पी छाबडा - पत्नी चमन कुमार पुत्र श्री मुरलीधर निवासीगण पानीपत**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

हर आम व खास को सुचित किया जाता हैं कि तेजस्वी छाबडा पुत्र व सार्थक छाबडा पुत्र व डिम्पी छाबडा पत्नी चमन कुमार पुत्र श्री मुरलीधर निवासीगण पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृण हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रुप से बताया जाता है कि चमन कुमार पुत्र श्री मुरलीधर की मृत्यु दिनांक 07/01/2020 को हो चुकी हैं। तरुण गांधी पार्षद वार्ड नम्बर 20 नगर निगम पानीपत व सुभाष पटवारी हल्का बिण्झौल पानीपत की रिपोर्ट के आधार पर मृतक के बाद निम्न वारिस / उत्तराधिकारी है - चमन कुमार पुत्र श्री मुरलीधर के बाद वारसान- तेजस्वी छाबडा पुत्र 2- सार्थक छाबडा- पुत्र 3- डिम्पी छाबडा - पत्नी ही है। एक इनके अलावा उक्त मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नही है। जिसके संबंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। मृतक चल अचल के मालिक रहे हैं। मृतक चमन कुमार पुत्र श्री मुरलीधर किता मकान नम्बर आर 146 का भाग रकबा 171 वर्गगज वाका माडल टाउन पानीपत स्थित के मालिक रहे है व अब आगे रजिस्टरी/टरांस्फर डीड दिगर के नाम पर करवानी है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक चमन कुमार पुत्र श्री मुरलीधर के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर उपरोक्त कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 16/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया जाता।

तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, पानीपत

## खबर संक्षेप

### चरस तस्करी मामले में दूसरा गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 अंबाला शहर में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एएनसी सैल ने मामले में संलिप्त अन्य आरोपी बलबीर सिंह उर्फ बिल्लू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 3 दिन रिमांड पर लिया गया है। एएनसी के इंस्पेक्टर ऋषि पाल ने बताया कि 13 दिसंबर 2025 को सूचना मिली थी कि आरोपी महिला दिव्या हिमाचल की रहने वाली है। 2002 में उसकी फरीदाबाद में शादी हुई थी। उसके बाद उसका वहां से तलाक हो गया। तलाक के बाद 2021 से कुलदीप सिंह के साथ लिव इन रिलेशनशिप में लक्ष्मी नगर जंडली में रह रही है। उसका पति कुलदीप उर्फ गोल्डी टैक्सी चलाता है। ये दोनों पति-पत्नी हिमाचल से नशीला पदार्थ लाकर यहां बेचते हैं। सूचना मिलने पर उनके घर की तलाशी ली गई।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी मोनू को गिरफ्तार किया है। परिवादी अमरजीत सिंह ने 12 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि जग्गी कॉलोनी में आरोपी ने केबल काट कर सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### नशा तस्करी का आरोपी पुलिस रिमांड पर भेजा

**अंबाला।** थाना पड़ाव क्षेत्र एनएच-44 नजदीक मेन गेट माल गोदाम के पास से नशा तस्करी मामले में सीआईए-1 ने आरोपी ईशान , रजत व शिवम को 1 किलो 47 ग्राम 03 मिलिग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी ईशान को 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है। 15 दिसंबर 2025 को सीआईए-1 निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं।

### गैस की कालाबाजारी के मामले में एक काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस निकालकर दूसरे सिलेंडर में भरकर कालाबाजारी करने के मामले में आरोपी मंगत राम को गिरफ्तार किया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 15 दिसंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मंगत राम ने (25 गैस सिलेंडर व 125 ढक्कन, 9 बासूरी (गैस पलटने वाला यंत्र) इलेक्ट्रोनिक कांटा घरेलू गैस सिलेंडर से गैस निकालकर दूसरे में भरकर कालाबाजारी करने का आपराधिक कार्य किया है।

## सीसीटीवी में उजागर, तीन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर अड़ी बार

# वकील के साथ थाने में पुलिस ने की थी बर्बरता

बर्खास्तगी के लिए डीजीपी से करेंगे मुलाकात, कार्रवाई होने तक अदालतों में नहीं होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

मुलाना थाना में अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखने वाले एडवोकेट रितेश व उसके परिजनों के साथ पुलिस द्वारा की गई बर्बरता सीसीटीवी कैमरे ने उजागर कर दी। डीएसपी बराड़ा सुरेश कौशिक के साथ मंगलवार को डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के प्रेजिडेंट एडवोकेट सतपाल सिंह ने खुद सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। प्रेजिडेंट सतपाल की मानें तो फुटेज में साफतौर पर पुलिस अधिकारी एडवोकेट रितेश के साथ बर्बरता करते साफ दिखाई दे रहे हैं। इसी आधार पर अब डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन अपने सहयोगी वकील के साथ हुई बर्बरता को लेकर मामले में संलिप्त चारों पुलिस अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज करवाने के साथ उन्हें नौकरी से बर्खास्त करवाने पर अड़ गई है। इस पूरे मामले की अगुवाई के लिए बार एसोसिएशन की ओर से प्रेजिडेंट सतपाल सिंह की अगुवाई में एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन का किया गया है। इसके साथ ही एडवोकेट रितेश के साथ हुई बर्बरता को लेकर बुधवार को भी बार में वर्क सस्पेंड रखने का निर्णय लिया गया है। बार ने वर्क सस्पेंड की उल्लंघना करने वाले वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के साथ पांच हजार रुपये का जुर्माना ठोकने का भी निर्णय लिया है।



अंबाला। बार एसोसिएशन की मीटिंग के दौरान एकजुट वकील। फोटो : हरिभूमि

### घटना की हर वकील ने भर्त्सना की

मंगलवार शाम को इस मामले पर बार एसोसिएशन ओर से एमरजेंसी मीटिंग बुलाई गई थी। मीटिंग में हर वकील ने मुलाना थाने में एडवोकेट रितेश के साथ बर्बरता करने वाले एएसआई प्रेमपाल, एएसआई सतपाल व मनजीत की जमकर भर्त्सना की। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि एक वकील को थाने में नंगाकर उसके संवेदनशील अंगों पर चोट करना पुलिस सबसे घिनौनी बेशर्मी है। उन्होंने कहा कि वकील के साथ बर्बरता करने वाले पुलिस अधिकारी बख्शे नहीं जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों की बर्खास्तगी हर हाल में होनी चाहिए। बार के पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट बलबीर जसपाल ने कहा कि पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर डटकर लड़ना होगा। उन्होंने कहा कि सख्ती से वर्क सस्पेंड की कार्रवाई होनी चाहिए। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट जब्बर चौधरी ने कहा कि पीड़ति वकील के साथ पूरी बार डटकर खड़ी है। उन्होंने कहा कि अगर कार्रवाई के बाद इस मामले में वकील ने किसी से समझौता किया तो फिर उसकी सदस्यता भंग कर दी जाएगी। एडवोकेट नम्रता गौड़ ने इस मामले में डीजीपी से मुलाकात करने के साथ ही बर्बरता करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर ठोस कदम उठाने की बात कही। बार प्रेजिडेंट एडवोकेट सतपाल सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने के बाद उन्होंने एसपी से मुलाकात की थी। एसपी ने तीनों अधिकारियों को सस्पेंड करने का आश्वासन दिया है। हालांकि ज्यादातर वकीलों ने इस कार्रवाई को सिरे से खारिज कर दिया। सभी ने कहा कि वकील के साथ बर्बरता करने वालों के खिलाफ पहले एफआईआर दर्ज हो।

### ऐसे की पुलिस ने बर्बरता

यह घटना शुक्रवार रात की है। मुलाना थाना एरिया के गांव सोहाना के पास रहने वाले एडवोकेट रितेश के परिवार का पास में ही रहने वाले परिवार से जमीनी विवाद हो गया था। हालांकि बाद में दोनों में रितेश ने समझौता करवा दिया था। रितेश का आरोप है जब रात को वह घर आ गया तो पड़ोसियों ने उसके घर के सामने ललकारे मारकर उसे व परिवार को जान से मारने की धमकियां दी थी। तब रितेश ने एसपी अजीत सिंह शेखावत को फोन कर मामले की जानकारी दी। तब उन्होंने डायल 112 बुलाने की बात कही। रितेश ने बताया कि रात 10 बजे डायल 112 के साथ ही अन्य गाड़ी में सवार होकर एएसआई प्रेम पाल भी आया था। तब सुरक्षा का हवाला देकर वे उसे मुलाना थाने ले गए। एडवोकेट रितेश का आरोप है कि यहां शराब के नशे में धुत एएसआई प्रेमपाल ने उसके, उसके पिता व एसडीओ भाई समेत सात परिजनों के साथ जमकर मारपीट की। सभी के कपड़े उतरवाकर उन्हें नंगा कर फर्श पर बिठाकर पंखा चला दिया। पिता के सामने उन्हें जातिसूचक गालियां दी गई। जूते तक चटवाए गए। एडवोकेट रितेश का आरोप है कि एएसआई प्रेमपाल, एएसआई सतपाल व मनजीत के जमकर पिता व दूसरे परिजनों के सामने जलील किया। उसने एसएचओ प्रमोद राणा के भी साजिश में शामिल होने के आरोप लगाए थे। एडवोकेट रितेश ने शनिवार को पूरे मामले की जानकारी बार प्रेजिडेंट सतपाल सिंह व पूर्व प्रेजिडेंट एडवोकेट रोहित जैन को दी थी। तब बार के हस्तक्षेप से एसपी ने मामले की जांच डीएसपी सुरेश कौशिक को दी थी। डीएसपी के आग्रह पर ही मंगलवार को बार ने थाने की सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया। बार की ओर से शनिवार को ही थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज प्रीजर्व करवा दी थी।

## राजनीति से प्रेरित मामला बताया

# कांग्रेस नेता जैन बोले, ईडी के फर्जी केस पर कोर्ट की रोक

- गांधी परिवार के पक्ष में दिए फैसले का जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

यंग इंडियन मामले में माननीय न्यायालय द्वारा गांधी परिवार के पक्ष में दिए गए फैसले का कांग्रेस पार्टी ने जोरदार स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य स चि व एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि इस निर्णय से मोदी सरकार की रा ज नी ति क दुर्भावना और साजिश पूरी तरह उजागर हो गई है।



एडवोकेट रोहित जैन।

एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि गांधी परिवार के विरुद्ध पहले दिन से ही केंद्र सरकार ने बदले की भावना से कार्रवाई की। अदालत के इस फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यंग इंडियन/नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ की गई कार्रवाई पूरी तरह निराधार, तथ्यहीन और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित थी। उन्होंने कहा कि सत्य के मार्ग पर चलने वालों को डराया नहीं जा सकता। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव सत्य, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। मोदी सरकार ने ईडी जैसी संवैधानिक एजेंसियों का दुरुपयोग कर गांधी परिवार को फंसाने और बदनाम करने का प्रयास किया, लेकिन न्यायपालिका के फैसले से उनका यह प्रयास विफल हो गया। राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा ईडी के आरोपों पर संज्ञान लेने से इनकार करना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि यह मामला राजनीति से प्रेरित था। डिस्ट्रिक्ट बार के पूर्व प्रधान एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि जिस प्रकार केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही थी, आज उसकी सच्चाई देश के सामने आ चुकी है।

### खतरे में संवैधानिक संस्थाएं

कहा कि भाजपा सरकार ने नेता विपक्ष राहुल गांधी को झूठे मामलों में फंसाकर उनकी आवाज दबाने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन हर बार सच्चाई जनता और न्यायपालिका के सामने आई है। मोदी सरकार के शासनकाल में लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाएं खतरे में हैं, और यदि किसी ने मजबूती से लोकतंत्र की रक्षा की है, तो वह नेता विपक्ष राहुल गांधी हैं। जैन ने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ रची जा रही साजिशें केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र, संविधान और प्रत्येक भारतीय के मौलिक अधिकारों के खिलाफ हैं। देश की जनता ने लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेदारी विपक्ष को सौंपी है, जिसे कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पूरी निष्ठा और मजबूती से निभा रहे हैं।

# ज्ञापन सौंपकर पॉलिसी को वापस लेने की मांग

- ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में कर्मचारियों ने दो घंटे तक की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की सेंट्रल काउंसिल के आह्वान पर मंगलवार को अंबाला कैंट यूनिट के अंतर्गत आने वाली सब यूनिट द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में दो घंटे का शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और ऑनलाइन ट्रांसफर नीति के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट प्रेस सचिव प्रदीप सेहला ने की जबकि मंच का विधिवत संचालन सब यूनिट सह सचिव अमन बाल्टी द्वारा किया गया। कार्यक्रम अनुशासन और शांति के साथ संपन्न हुआ। सेंट्रल काउंसिल के आह्वान पर सब यूनिट के कर्मचारियों द्वारा एसडीओ को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन से कर्मचारियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को कर्मचारी विरोधी बताया है।



मुलाना। एसडीओ को ज्ञापन देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### कई गंभीर त्रुटियां

धरने को संबोधित करते हुए प्रदीप सेहला ने कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी में कई गंभीर त्रुटियां हैं। यह नीति कर्मचारियों के हितों के विरुद्ध है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि संगठन की मजबूती से ही कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा संभव है। साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारियों को कल यूनिट स्तर पर होने वाले विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। धरना में मुख्य रूप से सब यूनिट प्रधान दीपक शर्मा, सब यूनिट उपप्रधान प्रिंस बक्सी, कैशियर संजीव खेतरपाल, चेयरमैन, राजबीर जेई, यशपाल जेई, पारुल जेई, मनिंदर एएफएम, बलबीर एएफएम, रण सिंह, राजीव, गुरमान, पवन कुमार, इरशाद, प्रिंस कुमार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में तीसरे दिन भी गरजे कर्मचारी, नारेबाजी

- प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सब डिविजन अधिकारी को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

केंद्रीय परिषद से संबंधित एचएसईबी वर्कर यूनियन द्वारा ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में जमकर नारेबाजी की। सब यूनिट में तीसरे दिन भी बिजली कर्मचारियों ने दो घंटे के सांकेतिक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान एक ज्ञापन सब डिविजन अधिकारी को सौंपा गया। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की कमियों और यूनियन की आपत्तियां दर्ज की गई है।कर्मचारियों ने कहा कि जब तक यूनियन की आपत्तियों को दूर नहीं किया जाता तब तक यूनियन इस पॉलिसी का विरोध करेगी। कर्मचारियों ने कहा कि प्रदर्शन के बाद यह विरोध प्रदर्शन दूसरे चरण में चला गया है।कल से विरोध प्रदर्शन यूनिट स्तर पर किया जाएगा और तीन दिन तक पूरे प्रदेश में सभी सब डिविजन के कर्मचारी यूनिट स्तर पर इकट्ठा होकर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध करेंगे। सब यूनिट में विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनिट उप प्रधान प्रमोद राणा और मंच संचालन सब यूनिट सचिव सुशील कुमार ने की।



शहजादपुर। पॉलिसी के विरोध में ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

# जुंबा डांस के जरिए छात्रों ने लूटी खूब वाह वाही



बराड़ा। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

- संत मोहन सिंह स्कूल में साप्ताहिक वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में साप्ताहिक वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम के कर कमलों द्वारा किया गया। सर्वप्रथम अतिथि का स्वागत रिबन काटकर किया गया। इसके पश्चात प्री-नर्सरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक जुंबा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए जिगजैग रेस, बनी रेस, बैलेंस द बॉल, पीटी ड्रिल, योगाभ्यास, पिरामिड सहित अनेक खेल गतिविधियां आयोजित की गई। बच्चों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। एसडीएम ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेलों का विशेष महत्व है। बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए समय-समय पर खेल गतिविधियों का आयोजन होना चाहिए। स्कूल प्रशासन, विद्यालय स्टाफ तथा छोटे-छोटे बच्चों की सराहना की, जिन्होंने इतनी कम उम्र में उत्कृष्ट प्रस्तुतियां दीं। प्रिंसिपल वरिंदर कौर, वाइस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह, लवदीप कौर एवं मनिंदर सिंह द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पदक देकर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### मेहनत-अनुशासन व सही मार्गदर्शन से हर मंजिल हासिल





**बराड़ा।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मिशन बुनियाद के अंतर्गत खंड स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद तथा सुपर हंड्रेड योजना, जो अब सुपर 400 के रूप में विस्तारित हो चुकी है, की जानकारी देना और उन्हें उच्च लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करना रहा। इस कार्यक्रम में उपमंडल अधिकारी सतिंद्र सिवाच ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने मिशन बुनियाद को सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण एवं दूर-दराज के क्षेत्रों के बच्चों को समान अवसर प्रदान करती है। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा तथा खंड शिक्षा अधिकारी मोनिका के दिशा-निर्देशों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खंड के 48 विद्यालयों से लगभग 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक तथा विभिन्न विद्यालयों से आए अध्यापक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू बाला ने अपने संबोधन में कहा कि मिशन बुनियाद एवं सुपर 400 ग्रामीण तथा आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है।

# आपसी प्रेम-सौहार्द की भावना का दिया संदेश

- फिलाडेल्फिया अस्पताल में क्रिसमस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के फिलाडेल्फिया अस्पताल में क्रिसमस के पावन अवसर पर स्टाफ एवं नर्सिंग छात्रों के लिए अत्यंत उत्साहपूर्वक और आत्मीय वातावरण में बहुप्रतीक्षित "सीक्रेट सांता" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आपसी प्रेम, सौहार्द और सेवा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया जिसमें अस्पताल परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि सभी प्रतिभागियों ने बिना यह जाने कि उनका सीक्रेट सांता कौन है, एक-दूसरे के लिए उपहार तैयार किए। इस अनोखी पहल ने पूरे परिसर में आनंद, आश्चर्य और अपनत्व का माहौल बना दिया। उपहारों के आदान-प्रदान के साथ-साथ सभी ने उस दिव्य प्रेम को भी स्मरण किया। इसके तहत परमेश्वर ने संपूर्ण मानव जाति के उद्धार के लिए अपने एकलौते पुत्र यीशु मसीह को संसार में एक महान उपहार के रूप में भेजा।



अंबाला। अस्पताल परिसर में आयोजित कैंप फायर का दृश्य।

### रंगारंग कार्यक्रम

अस्पताल के निदेशक डॉ. एस. सादिक ने उपस्थित स्टाफ एवं छात्रों को संबोधित करते क्षमा, मित्रता और निरंतर एक-दूसरे की देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने संदेश में कहा कि केवल त्यौहारों पर ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष हमें अपने सहकर्मियों और मित्रों के प्रति प्रेम, सहयोग और संवेदनशीलता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने इस प्रकार के कार्यक्रमों को कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण एवं टीम भावना को सुदृढ़ करने वाला बताया। कार्यक्रम के पश्चात शाम को हॉस्टल परिसर में आयोजित कैंप फायर ने सभी के उत्साह को और भी बढ़ा दिया। इसके साथ ही नर्सिंग छात्रों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने शाम को रंगारंग बना दिया। छात्रों ने अपने साथियों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए स्नेहपूर्वक चाय पार्टी का भी आयोजन किया।

## अब स्टेट रजिस्ट्रार को ही जिला रजिस्ट्रार की सिफारिश पर अंतिम फैसला लेना है

# अंबाला क्लब की पूरी कार्यकारिणी को भंग करने की सिफारिश

*अभियोजन पक्ष के पैरवीकार ने डीआर के फैसले पर विस्तार से दी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पिछले दिनों बिना चुनाव लड़े बनी अंबाला क्लब की नई कार्यकारिणी को लेकर डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार की ओर से दिए फैसले पर मंगलवार को एडवोकेट आदित्य वर्मा ने विस्तार से जानकारी दी। चुनाव को चुनौती देने वाले अंबाला क्लब के वरिष्ठ सदस्य राजेश तलवार की ओर से एडवोकेट आदित्य वर्मा पैरवी कर रहे हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए एडवोकेट आदित्य वर्मा ने पूरी तरह से साफ किया कि डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ने अपने आदेश में अंबाला क्लब की पूरी कार्यकारिणी को भंग करने की सिफारिश की है। उनकी ओर से यह सिफारिश स्टेट रजिस्ट्रार को भेजी गई है। एडवोकेट वर्मा ने बताया कि डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ने पूरी कार्यकारिणी को भंग करने के साथ ही पुराने यानि 2012 के बायलॉज के आधार पर नए सिरे से अंबाला क्लब के चुनाव भी करवाने की बात कही गई है। उन्होंने बताया कि अब स्टेट रजिस्ट्रार को ही डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार की सिफारिश पर अंतिम फैसला लेना है।



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते एडवोकेट आदित्य वर्मा।

### अप्रूव्ड बायलॉज की अनदेखी

एडवोकेट आदित्य वर्मा ने बताया कि जिला रजिस्ट्रार ने अपने फैसले में यह पूरी तरह साफ कर दिया है कि वादी राजेश तलवार की नॉमिनेशन को गैरकानूनी ढंग से रिजेक्ट किया गया था। नॉमिनेशन को गलत तरीके से कैंसिल किया गया है। साथ ही चुनावी प्रक्रिया के दौरान अप्रूव्ड बायलॉज की अनदेखी की गई। यह नियमों के पूरी रह से विरूद्ध। नए बायलॉज से चुनाव करवाना जायज नहीं है। उन्होंने बताया कि डीआर के फैसले में यह बात भी पूरी तरह से क्लीयर है रिटर्निंग ऑफिसर ने तय नियमों के तहत चुनाव नहीं करवाया। जानबूझकर नियमों को तोड़ा गया है। उन्होंने ने बताया कि अब स्टेट रजिस्ट्रार ही दोनों पक्षों को सुनवाई के लिए आमंत्रित कर अपना अंतिम फैसला सुनाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में दोनों पक्षों को अपील फाइल करने का अधिकार है। फैसले से असंतुष्ट होकर किसी भी पक्ष को हाईकोर्ट व फिर सुप्रीमकोर्ट जाने का अधिकार है।